दिनांक 03.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

केनाल रोड खुर्सीपार में तीसरे दिन भी जारी रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

तीन दिन में लगभग 450 अतिक्रमण हटाये गये

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के.एल. चौहान के निर्देश पर जोन 04 शिवाजी नगर अनुविभाग कार्यालय के अंतर्गत आज तीसरे दिन वार्ड 33, 34, एवं 35 में केनाल रोड के दोनो किनारे में जिला प्रशासन , पुलिस प्रशासन एवं निगम भिलाई के संयुक्त अभियान चलाकर लगभग 450 अतिक्रमणकारियों का कब्जा खाली कराया गया। निगम आयुक्त श्री के 0एल0 चौहान ने प्रभावित अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वे स्वयं निगम द्वारा चिन्हित अवैध कब्जा स्वयं हटा लेवें! प्रभावित लोंग जो निगम के द्वारा बनाये गए सर्वे सूचि में जिनका नाम अंकित है ऐसे लोंगो को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास में आबंटित किया जा रहा है । आयुक्त महोदय के आदेशानुसार विगत 03 दिनों से जारी जोन 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार के वार्ड 33, 34 एवं 35 में आज अवैध रूप से अतिक्रमण कर निवास एवं व्यवसाय करने वाले लगभग 450 अतिक्रमणकारियों के द्वारा जो टीन शेड, सीमेंट, पक्के निर्माण कर निवास एवं व्यवसाय किया जा रहा था ऐसे अतिक्रमणकारियों का अवैध कब्जा हटाया गया।

बेदखली अभियान संयुक्त रुप से 01 जुन से प्रारम्भ किया गया है 02 जून को कार्यवाही जहां पर बंद की गई थी उसी स्थान से आज अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही का प्रारम्भ किया गया। बीते 02 दिनों से ही वार्ड के नागरिकों के द्वारा निगम प्रशासन का सहयोग करते हुए स्वयं से ही वे अपने अतिक्रमण स्थल को हटाना शुरु कर दिया गया है तथा आज प्रभावित होने वाले अतिक्रमणकारियों के द्वारा अपना बेजा कब्जा हटाया जा रहा है।

आज के बेदखली अभियान में जिला प्रशासन , स्थानीय पुलिस बल , निगम भिलाई से अधीक्षण यंत्री, सभी जोन के जोन आयुक्त , सहायक यंत्री, उपयंत्री, सहायक राजस्व अधिकारी , राजस्व एवं स्वास्थ्य अमला , विद्युत कार्य से जुड़े कर्मचारी , तोड़फोड़ दस्ते , जेसीबी, डम्पर, एवं चैन माउण्टेड के माध्यम से आवश्यक सामग्री के साथ मौके पर उपस्थित होकर आज अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार आज सुबह से ही निगम भिलाई द्वारा समस्त आवश्यक तैयारी कर बेदखली अभियान प्रारम्भ किया गया।

जन सम्पर्क अधिकारी